अमर उजाला 19/03/2024

खुड्डाकलां में हुआ सात दिवसीय शिविर संपन्न

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय शिविर का समापन खुड्डा कलां गांव में हुआ। इस दौरान डॉ धर्मवीर सैनी ने अपने सामूहिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया कि हमारे स्वयंसेवकों ने बड़ी तन्मयता के साथ सात दिन गांव के लोगों को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया। इस साप्ताहिक शिविर के दौरान अनेक वैचारिक संगोष्ठियों, विभिन्न रैलियों, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं अंजली वधावन ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए और बताया कि विद्यार्थियों को हमेशा प्रसन्न रहना चाहिए और देश के लिए समर्पित होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार भी दिए। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने एनएसएस यूनिट को बधाई दी। स्वयंसेवकों ने लोगों को मतदान और पर्यावरण मुद्दों पर भी जागरूक किया। संवाद